STATEMENT BY MINISTER—

Price policy for raw jute for the 1990-91 season

उप-प्रधान मंत्री और कृषि मंत्री (श्री देवी लाल): मैडम वाइस चेयरमैन, प्राइस पालिसी पर भारत-सरकार ने साल 1990–91 के लिए टी०डी०–पांच ग्रेड की खाम पटसन की कम से कम सपोर्ट प्राइस 320/–रु० फी क्विंटल मुकर्रर कर दी है। पिछले वर्ष के मुकाबले में इसमें 25/–रुपये फी क्विंटल का इजाफा हुआ है। खाम पटसन के दूसरे ग्रेडों की कीमत भारत सरकार के जूट कमीश्नर मार्केट में कीमत के फर्क को ध्यान में रखकर मुनासिब स्तर पर मुकर्रर कर देंगे।

हम यह उम्मीद करते हैं कि किसान इस सपोर्ट प्राइस से हौसला अफजा होकर खाम पटसन की पैदावार बढ़ाने में अपनी दिलचस्पी जारी रखेंगे। जब जरूरत होगी तो जूट कारपोरेशन प्राइस सपोर्ट के लिए पटसन खरीदेगी, कारपोरेशन कॉमर्शियल खरीद के लिए अपने फैसले खुद करेगी और काश्तकारों से उस कीमत पर खरीद करेगी, जो मार्केट के आदाद के मुताबिक वाजिब होगी, मगर यह खरीद किसी भी हालत में कम से कम सपोर्ट से कम पर नहीं होगी।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): We have to finish the discussion on the General Budget and also complete some other Bills. I don't think that Members would like to seek clarifications now.

SHRI SITARAM KESRI (Bihar): Madam, we should be allowed to put some questions. What is the harm? After all, that is what is done usually *(Interruptions).*

THE MINISTER OF FINANCE (PROF. MADHU DANDAVATE): Madam, this is a small statement and I do not think there is much in it for the Members to seek clarifications. I think we can go ahead with the discussion on the General Budget now... *(Interruptions)...*

SOME HON. MEMBERS: Clarifications, pIease... (Interruption)...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATT JAYANTHI NATARAJAN). All right. There is very little time now. We have to finish the discussion on the Budget and the Finance Minister has to reply and then we have to finish two more Bills today and then we have to go for dinner at 7-30 P. M. So, I will just call the Members and I would request the Members to be extremely brief, just to ask questions and sit down. Yes, Prof. Chandresh Thakur.

श्री राम अवधेश सिंह (बिहार): माननीया, बजट पर मुझको भी जरा बोलने दीजिए।

डा० रत्नाकर पाण्डेय (उत्तर प्रदेश): अभी तो ताऊ के स्टेटमेंट पर क्लेरिफिकेशन हो रहा है।

श्री राम अवधेश सिंह: इस पर क्यों बहस करवा रहे हैं। इसमें तो कुछ नहीं है।

PROF. CHANDRESH P. THAKUR (Bihar): Madam, the price support policy for jute is a welcome meastira and the recent decision announced by the Government that it will be raised by Rs. 25/- is also a welcome thing. Now, there are three interests who could possibly be the beneficiaries and they are the jute growers, the manufacturers of jute products and the end-users of jute products. The clarifications that I would like to seek are these:

Is there any guarantee that the amount will primarily be for the benefit of the jute growers rather than for the manufacturers of jute products which include newsprint, and the end-users of jute products like gunny bags and items of package materia] ?

DR. YELAMANCHILI SIVAJI (Andhra Pradesh): Madam, the price rise is less than eight per cent and I feel that it is not in accordance with the recommendations of the Commission for Agricultural Costs and Prices. The terms of reference were very vague and were very wide. The terms of reference include many important items like cost of production, changes in input prices, input-output price parity, trends in market prices, demand and supply, inter-crop price parity, effect on cost of living, effect on general price level, international market prices, disparities in prices fixed and prices received by the farmers, etc. So, all these indicate that the terms of reference of the CACP were very wide and very vague and were detrimental to the interests of the growers. Therefore, the National Front Government came out with a proposal to restructure the CACP and to redefine the terms of reference. In this connection, I. would like to know whether the prices announced by the Deputy Prime Minister and the Minister of Agriculture are in accordance with the old terms of reference or they are in accordance with the new policy of the present Government.

Secondly, is there any relation to cost of production and is there any relation to the cost of the end-products like jute bags, etc? What steps are being taken to take into account both the cost of production and the end-products?

I hope that the same benefit will be extended to the growers in Andhra Pradesh, in the Srikakulam, Vizianagaram and Vishakapatnam districts. Thank you.

चौधरी हरि सिंह (उत्तर प्रदेश) : माननीया, यह पटसन के जो उत्पादनकर्ता हैं वह बहुत ही गरीब और बड़े कमजोर होते हैं और यह अफसोस की बात है कि पिछले कई दिनों से उनका बराबर शोषण होता रहा है और उनको अपने उत्पादन का प्रॉपर मुआवजा नहीं मिलता रहा है ।

जूट जो है वह अब नए फेशन की चीजें बनाने में प्रयुक्त होना शुरू हो गया है । यह जूट उन जूट उत्पादकों से बड़े सस्ते दामों पर ले लिया जाता है । यह 25 रुपये की जो बढ़ोत्तरी की गई है यह उनकी उत्पादन लागत और परिश्रम के लिहाज से बहुत कम है और इसको देखते हुए जो बढ़ोत्तरी की गई है वह उचित नहीं है बल्कि इसको अधिक बढ़ाना चाहिए था ।

बयान में कहा गया कि भारतीय पटसन निगम जब भी आवश्यक होगा, मूल्य समर्थन कार्यों का भार संभाल लेगा । अब यह कौन तय करेगा कि इसको खरीदना है या नहीं ? दो दिन, चार दिन, छह दिन के अंदर ही बहुत सारे किसानों का माल लुट जाएगा और निगम तब तक तय करता रहेगा कि हमको खरीदना है या नहीं । मेरा निवेदन यह है कि पटसन कारपोरेशन साथ-साथ खरीदता रहे तो इससे बाजार में पटसन का भाव ठीक बना रहेगा । तो मैं यह जानना चाहता हूं कि क्या मंत्री महोदय इसकी साथ-साथ खरीद करवायेंगे या नहीं ?

SHRI RAMNAKAYAN GOSWAMI (West Bengal): Madam, the Finance Minister has, in his Budget speech, announced that the Government proposes to introduce changes in the formula for computing the cost of production of agricultural crops for price fixation so as to take lull account of costs and he also has said that, in particular, the formula will take into account the valuation of labour, including family labour, on the basis of statutory minimum wage, or actual wage, whichever is higher, the remuneration for the managerial and entrepreneurial efforts of the farmer, and adjustment of procurement *or* support prices for the escalation in input costs between the announcement of the prices and the arrival of the crop in the market.

Madam, I want to know from the honourable Minister whether the price of raw jute announced today by the Minister is fixed in conformity with

the policy which has been announced by the Finance Minister.

I also want to know whether the Minister is ready to take some stringent measures or make some stringent provisions for compulsory use of jute bags. There should be a ban imposed on the import of synthetic goods. I would like to know whether he is thinking on these lines.

The Jute mills are the sole purchasers of raw jute. But, of late, some jute mills have been closerd down I would like to know from the Minister whether the Government will take steps to reopen those jute mills. As you might be knowing, we have been demanding the nationalisation of the jute mills because, otherwise, the interests of the jute growers cannot be safeguarded. This is tha reason why we are demanding the nationalisation of the jute mills.. I would like to know from the Minister whether the Government is pondering over these matters and what it is going to do in this regard.

Finaly, I would also like to know from the Minister whether fre is going to direct the Jute Corporation of India to purchase the entire marketable jute.

5. 00 P. M.

1

डा० रत्नाकर पाण्डेय : माननीय उपसभाध्यक्ष जी, उप प्रधान मंत्री जी ने कच्चे पटसन की मूल्य नीति के बारे में जो वक्तव्य दिया है और 25 रुपये की जो बढ़ोतरी पी०डी०5 श्रेणी के पटसन के न्यूनतम समर्थित मूल्य 320 रुपये प्रति क्विंटल में की है, वह अच्छा है।

श्रीमन्, पिछली सरकार ने भी पटसन उद्योग के विकास के लिए बहुत कुछ किया था। मैं जानना चाहता हूं माननीय उप प्रधान मंत्री जी से कि जो पटसन उद्योग में बहुत से मिडिलमैन हैं और जो उत्पादक हैं क्योंकि ग्रामोन्मुखी योजनाओं को कार्यान्वित करने के लिए अपने जनता को आश्वासन दिया है और उसी आधार पर जनता ने आपको वोट दिए हैं, तो जो पटसन उद्योग के दलाल हैं या मिडिलमैन हैं या पूंजीपति हैं जो थोक के भाव पर जूट खरीदते हैं और उत्पादकों को असली मूल्य नहीं मिल पाता है, उस विषमता को मिटाने के लिए आप क्या करने जा रहे हैं?

श्रीमान, अभी रेलवे मंत्रालय ने प्लास्टिक के गिलासों की जगह कुल्लड़ का प्रचलन किया और प्लास्टिक उद्योग के कारण जो बोरा पटसन से बनता है उस उद्योग को समाप्त कर दिया है और इससे कुटीर उद्योग नष्ट हो रहे हैं बोरा बनाने वालों के। तो क्या प्लास्टिक बैग को समाप्त करके बोरे का प्रचलन आप करने जा रहे हैं या उसका प्रचलन करने के लिए आप क्या कर रहे हैं?

महोदय, पटसन और जूट से कागज बनता है और उस कागज पर जो इंडियन ऐक्सप्रेस में हमारे उप-प्रधान मंत्री जी के विषय में बहुत से अपशब्द वाली बातें छपी हैं ...

SHRI V. GOPALSAMY (Tamil Nadu): It is highly irrelevant.

DR. RATNAKAR PANDEY: Why are you standing?...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATRAJAN): Dr. Pandey, please be brief and confine yourself to clarifications.

DR. RATNAKAR PANDEY; I am concluding. I have great respect for

Tau. मैं जानना चाहता हूं कि इंडियन एक्सप्रेस का कागज जो है वह पटसन से बनता है, उस पर जो समाचार छपा है, उसे क्या ताऊ ने पढ़ा है?

SHRI GURUDAS DAS GUPTA (West Bengal): It is a very opportune moment when the statement has been made the diseussion on the Budget is still incomplete. I charge the Government of total violation of the announcement that the Finance Minister has made while presenting the Budget. His commitment to Parliament was that the minimum price of

[Shri Gurudas Das Gupta]

agricultural produce will be so determined as to take into consideration the minimum wage or the market wage whichever is higher. That was his commitment in black and white. Now the Agriculture Minister comes in his presence to make a statement saying that the minimum price of raw jute will be Rs. 320 per quintal which means an increase of Only Rs. 25. The discrepancy is quite clear. The discrepancy is of Rs. 25. It cannot be the increased amount if the minimum wage is taken into consideration. Jute is the main produce in West Bengal. And in West Bengal the minimum wage is Rs. 19, the Government minimum wage is Rs. 19. If Rs. 19 as the minimum wage was calculated as the component of labour for computing the minimum price, then the price would have. been near about Rs. 370 or Rs. 375. The present statement is a total violation and duplicity. Therefore, the Agriculture Minister must come before the House and tell us what the standards for the Agricultural Prices Commission were to determine the minimum price of raw jute. Those have not been taken into consideration.

Rupees twenty-five cannot be the increased price, because the minimum wage is ... *(Time Bell)* That is No. 1. The Agriculture Minister must say when this decision was taken by the Agricultural Prices Commission. The price is determined not by the Agriculture Ministry but by Agricultural Prices Commission. He must give us the date on which the Commission was in session. My hunch is that this- price was determined by the Agricultural Prices Commission before the Finance Minister had made this recommendation or pronouncement in Parliament. You must give us the date. *(Time Bell)*

Thirdly, the Agriculture Minister may kindly tell us what is the prevailing price. The fixation of minimum price has no relevance with the price now ruling in the market. TD-5 is the average quality, of jute, Now TD-5 is. being sold in the jute, market at a price around Rs. 350 to Rs. 400, Therefore, this fixation of the minimum price is an absolute hoax. It is totally a hoax. It has no relevance with the market price condition. It has no relevance with the cost of production. It has no relevance with the demand of peasants of the country. And this Minister claims to be a patron of kisans. He might be a patron of kisans in northern India but he is betraying the interests of peasants in eastern India He must tell us in what way he is protecting the interests of jute growers in the eastern part of the country.

डा० रत्नाकर पाण्डेय (राजस्थान): माननीय उप-प्रधान मंत्री जी से यह जानना चाहता हूं कि जो यह जूट की कीमत बढ़ी है इससे जूट से बनी सभी चीजों के दाम बढ़ेंगे तो किन-किन वस्तुओं की कीमतें प्रभावित होंगी और कितनी-कितनी बढ़ेंगी ? अखबार का जो कागज है यह भी जूट से बनता है तो निश्चित रूप से उसकी कीमत भी बढ़ेगी तो इसकी कीमत कितनी बढ़ेगी ? अपने उप-प्रधान मंत्री जी से बहुत इज्जत से पूछना चाहता हूं कि इन दिनों जो अखबारों में काफी कुछ छपा है तो क्या इस कीमत को बढ़ाना इस बात से कहीं कोई संबंध रखता है जिससे अखबार का कागज प्रभावित हो रहा है ? यदि हो रहा है तो कितना हो रहा है यह बताने की कृपा करें ।

PROF. (MRS) AS1MA CHATTERJEE (Nominated): Thank you, Madam Vice-Chairman,. I would like to know from the hon. Deputy Prime Minister, what steps are being taken to introduce modern technology in increasing the productivity of raw jute and also in producing good quality raw jute, because Bangladesh produces jute of better quality than India and it is capturing the international market? I would like to have answer to this question.

SHRI V. NARAYANASAMY (Pondicherry): |Madam ViceChairman, the hon. Deputy Prime Minister's statement is disappointing for the farmers. The reason is that in the prevailing market, price of raw jute per quintal is Rs. 800

as on date. But the Minister says it is Rs. 320 per quintal. Since the Minister has appointed a Commission to go into the minimum support price for agricultural commodities, the Commission is enquiring into the matter. In the meanwhile, the Minister comes up with statement after statement. The other day he said that the support price for onions, today he says the support price of raw jute, tomorrow he may come up with potatoes Madam, what is the work the Commission is doing? Is the Commission which the Deputy Prime Minister has appointed is to compete with the Deputy Prime Minister who has appointed the Commission? When the price ruling in the market is Rs, 800/ per quintal, how has he come to the conclusion that it is Rs 320/- per quintal?

Madam, my second point is this. As far as the public sector undertakings in this country are concerned, there is a Government order that they have to use gunny bags whenever they need bags. It includes the fertiliser industry also. But these orders are just ignored. No action has been taken against such public sector undertakings. Therefore, the jute industry is suffering and the growers are suffering. Will the Minister take stringent action against the industries which are not using the jute gunny bags in spite of orders issued by the Government?

These are the two points on which I want clarification.

श्री राम अवधेश सिंह : महोदया, मैं माननीय उप-प्रधानमंत्री और कृषि मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि बजट सेशन में एकाएक जूट की नई कीमतों की घोषणा करने की क्या आवश्यकता पड़ गई ? साथ ही साथ मैं यह भी जानना चाहता हूं कि सचमुच में कास्ट आफ प्रोडक्शन के बारे में क्या कुछ प्राप्त किया गया है या नहीं ? मैं जानना चाहता हूं कि प्रति क्वींटल कितना कास्ट आफ प्रोडक्शन पड़ता है क्योंकि जो मूल्य तय किया है वह पिछले साल से करीब-करीब 7 प्रतिशत ज्यादा है और इंफ्लेशन के चलते जो मूल्य वृद्धि हुई है वह 14 और 15 परसेंट तक चली गई है । सब मिलाकर 7 परसेंट मूल्य कम हो गया है। इसलिए इस मूल्य बढ़ाने से क्या किसानों को कोई फायदा हो रहा है और हो रहा है तो कितना हो रहा है और एक बात मैं यह भी जानना चाहता हूं कि जो पटसन निगम है उसकी कितनी पटसन खरीदने की क्षमता है ? जब बाजार में 375 रु. पर क्वींटल यह बिक रहा है तो 325 रु. मूल्य रखने का आखिर क्या औचित्य है ? क्या इससे कृषि मंत्री जी किसानों की मदद कर रहे हैं या किसानों को तबाह करना चाहते हैं ? चौथी बात मैं यह कहना चाहता हूं कि बिहार में जूट का उत्पादन बहुत होता है, लेकिन जूट मिलें बहुत कम है । जो कटिहार में जूट मिल है वह पड़ी हुई है । उसके नेशनलाइजेशन के लिए कितने वर्षों से बिहार के लोग लड़ते रहे हैं, लेकिन उस पर कोई सुनवाई नहीं हुई। इसलिए क्या कृषि मंत्री जी इसका नेशनलाइजेशन करके इसको चालू करेंगे ताकि जो गिरते हुए मूल्य हैं उनको रोका जा सके और किसानों को लागत खर्च के मुताबिक उचित मूल्य मिल सके ?

श्री संतोष बागड़ोदिया (राजस्थान) : मेडम वाइस चेयरमैन, जब से उप-प्रधान मंत्री जी ने कृषि विभाग को सम्भाला है तबसे कृषकों में उल्लास आया और कृषि उद्योग में भी उल्लास आया । इस जूट इंडस्ट्री में 40 लाख लोग बंगाल, आसाम और बिहार के लगे हुए हैं । दाम तो आप 25–50 रुपये बढ़ा दीजिये, कोई असुविधा नहीं है । जैसा श्री दास गुप्ता जी ने कहा कि उसकी कास्ट बहुत उंची आती है, आप उसका दाम बढ़ा दीजिये लेकिन कृपा करके ऐसा रास्ता निकालिये, इंडस्ट्री और दूसरी मिनिस्ट्रीज से बात करके, कि इससे जो माल बनता है चाहे मिल का बना हुआ माल हो, चाहे और कोई बना हुआ हो, वह माल बिकने का रास्ता ठीक चलता रहे, इसकी ठीक व्यवस्था होनी चाहिए । केवल इतना ही मेरा अनुरोध है ।

श्री राम चन्द्र विकल (उत्तर प्रदेश) : मैं माननीय उप-प्रधान मंत्री और कृषि मंत्री से यह जानना चाहता हूं कि आपने जो कृषि मूल्य आयोग बनाया है उसकी रिपोर्ट क्या है ? पटसन का मूल्य आप ने 25 रु. बढ़ा दिया है । पिछले वर्ष वह 320 रु. था और अब उसमें 25 रु. बढ़ा दिये हैं । पटसन के बारे में कृषि मूल्य आयोग की रिपोर्ट क्या है ?

दूसरी बात मैं यह जानना चाहता हूं कि आपने लिखा है कि भारतीय पटसन आयुक्त और कपड़ा मंत्रालय मिल करके मूल्य तय करेंगे और साथ में आपने यह भी कहा है कि पटसन निगम जब भी चाहेगा बाजार के रेट देखकर कीमत तय करेगा इन दोनों में विरोधाभास है । तो मैं मंत्री महोदय से पूछना चाहूंगा कि क्या आप निश्चित रूप से बतायेंगे कि किसानों को क्या दाम मिलेगा ? 25 रुपया, मैं समझता हूं कि बहुत कम है । अभी जो डीजल और पेट्रोल इन चीजों की कीमतें बढ़ी हैं इसको देखते हुए 25 रुपया नहीं के बराबर है । मैं यह चाहता हूं कि इन सारे हालातों को देखकर जो किसान की लागत है, जो इसमें खर्चा बढ़ा है क्या मंत्री महोदय इसको देखते हुए पटसन के दाम और बढ़ाने की कोशिश करेंगे ?

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया । बिहार उपसभाध्यक्ष महोदया, . . (**व्यवधान**) . . . मैं आपको बता दूं कि पंजाब से नहीं, मैं बंगाल से हूं । पगड़ी देखकर पंजाब गिनना शुरू कर देते हो । . . (**व्यवधान**) . . .

उपसभाध्यक्ष महोदया, कृषि मंत्री ने खास करके पटसन उत्पादकों के लिए जो एक नया फैसला लिया है वह सराहनीय है । पर इसके साथ साथ जो सोचने की बात है, मैं थोड़ा आपका समय लूंगा और आपको याद दिलाना चाहूंगा और उन्हें भी बताना चाहूंगा कि जब 1947 में पार्टिशन हुआ तो पहाड़गंज के पास एक रिफ्यूजी सिख सड़क पर, पटरी पर चीनी बेचता था । उसके सामने भी एक दुकान थी और वह भी चीनी बेचता था । वह रिफ्यूजी दुकान वाले से सस्ती बेचता था । इससे लोगों को बड़ा आश्चर्य होता था । क्या हुआ, एक दिन उन सरदार जी ने उस दुकानवाले को कहा कि इस दुकान की कितनी कीमत होगी, मैं इसे खरीदना चाहता हूं । उसने कहा भई मेरी दुकान चलती नहीं और उसने वह दुकान उसे बेच दी । जब सरदार जी ने दुकान खरीद ली तब उस बनिया ने पूछा सरदार जी तुम भी चीनी बेचते थे और मैं भी चीनी बेचता था तो क्या तुम चोरी की चीनी बेचते थे । वह बोला मैंने कोई चोरी की चीनी नहीं बेची । मैं दिन भर में जो दस बोरियां चीनी की बेचता था, चीनी पर मैं फायदा नहीं करता था, उन दस बोरियों को बेचकर मैं अपने परिवार को चलाता था । उन खाली बोरियों को बेचकर मैं अपना परिवार चलाता था । अर्थात् बोरियों में भी मुनाफा होता है । महोदया, मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदय से पूछना चाहता हूं कि देश में इस पटसन से बनाए हुए जो सीमेंट बैग हैं, पटसन से बनाए हुए जो चीनी के बोरे हैं, आलू के बोरे हैं, उन पर भी तो दाम का फर्क पड़ेगा । इसको कंट्रोल करने के लिए आपने क्या कोई कानून बनाया है, कोई प्रावधान कर रखा है, इसके बारे में कुछ सोचा है ? इसी के साथ साथ महोदया जैसा बागड़ोदिया जी ने कहा, वे जूट मिल से जुड़े हुए हैं और वे अच्छी तरह से जानते हैं और मैं भी कहता हूं कि आज जो जूट को सब्सीट्यूट कर दिया है एच.डी.पी.ई. ने और सरकार अनुयली करीब 2 सौ करोड़ रुपए की एच.डी. पी.ई. की इम्पोर्ट करती है, सिर्फ बैग बनाने के लिए और इस बैग की 2 रुपये पर बैग कम कीमत पड़ती है । इसके कारण लोग एस.डी.पी.ई. के ही बग खरीदते हैं । इसलिये अगर आप पटसन की बनाई हुई चीजों को बाजार में बेचना चाहते हैं, इसमें किसानों का हित हो, उपभोक्ताओं का हित हो तो कम से कम यह इम्पोर्ट बंद कराए जिसे कि हम विदेशी मुद्रा देकर खरीदकर देश में ला रहे हैं और अपने देश में पटसन की उपज करने वालों को दबा रहे हैं । इस पर सरकार को ध्यान देने की जरूरत है । मैं जानना चाहता हूं कि इन चीजों को रोकने के लिए और इसका

एफेक्ट चीनी की बोरी पर न पड़े, आलू की बोरी पर न पड़े, सीमेंट की बोरी पर न पड़े, इसके लिए आप क्या प्रावधान रखेंगे ?

श्री विट्ठलराव माधवराव जाधव : (महाराष्ट्र) : उपसभाध्यक्ष महोदया, जैसा कि आपको मालूम है हमारी सरकार में जो भूतपूर्व कृषि मंत्री थे श्री भजन लाल, उन्होंने कृषि मूल्यों के दाम बढ़ाए और उनकी कोशिश यह रही कि किसानों को कैसे राहत दी जाय । मैंने जब माननीय उप-प्रधान मंत्री और कृषि मंत्री का यह स्टेटमेंट देखा तो ? . . (**व्यवधान**) भजनलाल जी ने काफी कुछ किसानों के लिए किया है । मैं यह नहीं कह रहा हू कि चौधरी देवीलाल नहीं कर रहे हैं ।

उपसभाध्यक्ष महोदया, यह जो टी. डी.–5 ग्रेड जूट है तो यह असम में है । मंत्री महोदय ने लिखा है कि असम में टी.डी.–5 श्रेणी की जूट की कीमत 320 रुपया प्रति क्विंटल की है । मेरे मित्र ने पश्चिमी बंगाल की बात उठाई । मैं मंत्री महोदय से यह जानना चाहता हू कि क्या यह आसाम तक सीमित है या पश्चिमी बंगाल में भी इसकी कीमत यही रहेगी या सारे देश में यह कीमत है ? दूसरा प्रश्न यह है कि 25 रुपए प्रति क्विंटल कीमत उन्होंने बढ़ाई है । आपने जो एडवाइज़री कमेटी अपनी अध्यक्षता में बनाई है, जिसमें हमारे सदन के सदस्य श्री वीरेन्द्र वर्मा जी भी सदस्य हैं, मैं यह जानना चाहता हू कि इस कीमत को बढ़ाते वक्त जूट की कास्ट आफ प्रोडक्शन क्या है, क्या इसका भी आपने ध्यान रखा है या नहीं ? जैसे कि मेरे मित्रों ने कहा (**समय की घंटी**) अलग अलग स्टेटों में किसानों की दी जाने वाली मजदूरी की दरें अलग अलग हैं । जहां तक मेरी जानकारी है, यह जो जूट की कीमत है यह इंडस्ट्री के लिए नहीं है, यह किसानों के लिए है, किसानों के लिए जो आप दे रहे हैं यह सपोर्ट प्राइस है । इट इज नाट रेमुनरेटिव प्राइस । मैं मंत्री महोदय से यह जानना चाहता हूं कि मार्किटिंग कास्ट, सुपरविज़न कास्ट, कास्ट आफ प्रोडक्शन, वेजेज आफ लेबर, क्या आपने इन सबका ख्याल रखा था नहीं ? आपकी जो एडवाइज़री कमेटी है, कृषि मूल्यों के बारे में उनकी इसके बारे में क्या राय है ? (**समय की घंटी**) ज़रा सुनिये मेडम, आप किसानों की बात समझती नहीं हैं, यही तो आफत है । मैं यह जानना चाहता हू कि जो एडवाइज़री कौंसिल है क्या उन्होंने भी यही रिकमेंड किया है, उसके बाद आपने किया है ? कृषि मंत्री ने कहा है कि सदन में कृषि नीति पेश करेंगे, क्या कृषि नीति पेश करने के पहले (**व्यवधान**)

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): Kindly conclude.

श्री विट्ठलराव माधवराव जाधव : आधे मिनट में समाप्त करता हू । देश के किसानों का सवाल है ।

It is very important. You must undersatand

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): There is no time. You should understand that. The problem makes no difference to. the time.

श्री विट्ठलराव माधवराव जाधव : कृषि मंत्री जी जो कृषि मूल्य नीति सदन में ला रहे हैं, क्या उसमें इसन सारी और बातों का ध्यान रखेंगे या अलग-अलग क्राप्स के अलग-अलग मूल्य इस सदन में रखते जाएंगे और उनकी कृषि नीति अलग होगी । इन सवालों का मैं स्पष्टीकरण चाहता हूं ।

श्री देवी लाल : उपसभाध्यक्ष महोदया, आज हमने सपोर्ट प्राइस मुकर्रर किया है, यह इससे पहले होना चाहिये था क्योंकि मार्च और अप्रैल में बिजाई होती है । अब बिजाई हो चुकी है । इस दौरान कीमत बढ़े, घटे नहीं कहा जाता है कि 478 रुपये आज का भाव है । सपोर्ट प्राइस इस वास्ते मुकर्रर किया है कि भाव को गिरने न दिया जाए और बढ़ाया जाए । अगर इनपुट्स की कीमत में और

[श्री देवी लाल]

बढ़ोतरी हुई तो दोबारा गौर किया जा सकता है । श्री हनुमतराव कमेटी की इंटेरिम रिपोर्ट आ गई है । उस पर गौर हो रहा है । इस वास्ते कमेटी मुकर्रर की है ताकि सारे हालात का जायजा लेकर किसी जिस की पैदावार कीमत मुकर्रर कर सकें । जहां तक कीमत देने का सवाल है सन् 1987–88 में 67.8 लाख गांठें थी, 1988–89 में 77 लाख और इस साल 78 लाख । इस तरह से इस वक्त इसकी कीमत ज्यादा घटने का सवाल नहीं है क्योंकि पैदावार थोड़ी है । मैं इसके साथ-साथ यह भी यकीन दिलाता हू कि हम ने दोनों पार्टियों का ख्याल रखना है प्रोड्यूसर का भी और कन्ज्यूमर का भी । पटसन जितनी पैदा होगी उसको खरीदने के लिए जो उनकी रिपोर्ट आएगी उसके मुताबिक हम पूरा ध्यान देंगे । ऐसा नहीं है कि प्रोड्यूसर की कीमत घट जाए । एक आनरेबल मैम्बर ने कहा कि अखबार ने आज बड़ी गालियां दी हैं । यह तो इसका सबूत है, जब मैं किसान के हक में कुछ करूंगा तो पूंजीपतियों के अखबार गालियां देंगे ही । इससे ज्यादा कोई सबूत नहीं है । एक आनरेबल मैम्बर ने यह भी कहा था भजन लाल के वक्त में कीमतें बढ़ी थी । अगर कीमतें भजन लाल, प्रभु और पुजारी के वक्त में बढ़ी हों तो मैं उनकी पूजा करने लग जाऊंगा । मैं उनसे ज्यादा करने की क्षमता रखता हूं और इसीलिए हम यहां बैठे हैं । इस बारे में आपको चिन्ता करने की कोई जरूरत नहीं है । यह कमेटी इसी वास्ते बनाई है । उसमें एग्रीकल्चर के मामले में सही राय देने के लिए मैंने मुस्तकिल एडवाइजरी कमेटी बना दी है । उस कमेटी के मेम्बर जो हैं एक्सपर्ट हैं, एग्रो-इंडस्ट्री को वह समझते हैं । उसकी प्रधानता श्री शरद जोशी कर रहे हैं और हिन्दुस्तान में किसानों के मामलों को समझने वाले भानु प्रताप सिंह जी जो एग्रीकल्चर मिनिस्टर भी रह चुके हैं, वह भी उस कमेटी में हैं । किसानों के तमाम संगठनों से और जितने भी चीफ मिनिस्टर हैं उनसे हमने पांच-पांच, दस-दस नाम मगाए हैं, उनके बाओडाटा मंगाकर हमने यह कमेटी मुकर्रर की है । अभी चार दिन हुए हैं उस कमेटी को काम शुरू किये । इनके पास फिर दुबारा जा सकता है और वे मुनासिब समझेंगे तो इसकी कीमत भी और बढ़ाई जा सकती है । फिलहाल इस वास्ते 25 रुपये बढ़ाया है ताकि उससे कीमतें न घटें । पहले रिपोर्ट आ जाती तो हम उससे ज्यादा, उसके मुताबिक कीमतें बढ़ाते । (व्यवधान)

SHRI GURUDAS DAS GUPTA; He has not answered the main point whether at the time of calculating the price the Committee has taken into consideration the question of minimum wages. I put on record my total opposition because he has not answered that question.

श्री राम अवधेश सिंह : निर्धारित करने का आधार क्या है सो तो बताया नहीं। मंत्री जी ने लागत को तय करने का आधार क्या रखा है यह नहीं बताया ।

श्री देवी लाल : इसका आधार बताने के लिए, वह कमेटी इसी वास्ते बुलायी है ताकि वह सारे हालात का देखे उस पर खर्च कितना है, इनपुट्स कितने लगते हैं . . . (व्यवधान) यह देखें ।

एडवाइजरी कमेटी ने एडहाक बेसिस पर कीमत मुकर्रर की है । जरूरत समझेंगे तो हम किसानों को फायदा पहुंचाने के लिए इस कीमत को बढ़ा भी सकते हैं ।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): Shri Vishwa Bandhu Gupta. *(Interruptions)*. Just a minute. Let the Leader of the House speak.

श्री राम अवधेश सिंह : एक महत्वपूर्ण सवाल का जवाब मंत्री जी ने नहीं दिया, वह यह है कि निगम की खरीदने की पूरी क्षमता कितनी है, क्या खरीद सकता है या नहीं खरीद सकता है क्योंकि तब ही कीमत तय करने पर उसका असर होगा । यह जरा बता दें ।